पत्रिका सिटी सरोकार

उदयपुर, गुरुवार, 12 दिसम्बर, 2019

वरिष्ठजन सीखेंगे कम्प्यूटर चलाना

उदयपुर . ऐश्वर्या कॉलेज में कम्प्यूटर गोल्ड शेक क्लब की ओर से कम्प्यूटर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में कम्प्यूटर बेसिक और इंटरनेट संचालन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। क्लब सचिव सूरज पोरवाल ने बताया कि प्रशिक्षण 16 दिसम्बर से 15 जनवरी तक चलेगा। अब तक क्लब 750 वरिष्ठजनों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। महाराणा प्रताप वरिष्ठ नागरिक संस्थान के महासचिव भंवर सेठ ने वरिष्ठजनों से शिविर का लाभ लें की अपील की।